Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय - 2 | मानव जनन

## QUIZ-01

1. **निम्नलिखित में से कौन पुरुष प्रजनन तंत्र का भाग नहीं है?**

A. वास डिफरेंस B. एपिडीडिमिस

C. यूटेरस D. सैमिनल वेसीकल (C)

*व्याख्या:* गर्भाशय (यूटेरस) स्त्री प्रजनन तंत्र का भाग है।

2. **पुरुषों में शुक्रजनन (Spermatogenesis) कहाँ होता है?**

A. रीट टेस्टिस B. सेमिनिफेरस ट्यूब्यूल्स

C. वास डिफरेंस D. एपिडीडिमिस (B)

*व्याख्या:* शुक्रजनन सेमिनिफेरस ट्यूब्यूल्स में होता है, जो अंडकोष में स्थित हैं।

3. **लीडिग कोशिकाएं कौन-सा हार्मोन स्रावित करती हैं?**

A. एस्ट्रोजन B. प्रोजेस्टेरोन

C. टेस्टोस्टेरोन D. एल.एच. (C)

*व्याख्या:* लीडिग कोशिकाएं टेस्टोस्टेरोन हार्मोन बनाती हैं जो पुरुष लक्षणों को नियंत्रित करता है।

4. **मानव डिम्बग्रंथि की सबसे बाहरी परत कौन-सी होती है?**

A. ट्यूनिका एलब्युगिनिया B. जर्मिनल एपिथीलियम

C. फॉलिक्यूलर लेयर D. जोना पेल्यूसिडा (B)

*व्याख्या:* जर्मिनल एपिथीलियम डिम्बग्रंथि की सबसे बाहरी परत होती है।

5. **युवावस्था पर एक स्त्री में लगभग कितने प्राथमिक कूप (Primary follicles) होते हैं?**

A. लगभग 10 लाख B. लगभग 60,000

C. लगभग 15–20 लाख D. लगभग 4 लाख (D)

*व्याख्या:* युवावस्था में स्त्री के अंडाशय में लगभग 4 लाख प्राथमिक कूप शेष रहते हैं।

6. **अंडाणु को फैलोपियन ट्यूब में ले जाने में कौन-सी संरचना सहायता करती है?**

A. ग्रीवा B. सिलिया

C. एंडोमेट्रियम D. कॉर्पस ल्यूटियम (B)

*व्याख्या:* सिलिया, जो इंफंडिबुलम में होती हैं, अंडाणु को ट्यूब के अंदर ले जाने में सहायता करती हैं।

7. **मानवों में निषेचन कहाँ होता है?**

A. ग्रीवा B. एंडोमेट्रियम

C. एम्पुली-इस्थमिक जंक्शन D. डिम्बग्रंथि (C)

*व्याख्या:* निषेचन एम्पुली-इस्थमिक जंक्शन में होता है जो फैलोपियन ट्यूब का भाग है।

8. **गर्भावस्था के दौरान एंडोमेट्रियम को बनाए रखने वाला हार्मोन कौन-सा है?**

A. एफ.एस.एच. B. एस्ट्रोजन

C. एल.एच. D. प्रोजेस्टेरोन (D)

*व्याख्या:* प्रोजेस्टेरोन एंडोमेट्रियम को बनाए रखता है जिससे भ्रूण को पोषण मिलता है।

9. **निम्न में से कौन-सी संरचना प्लेसेंटा बनती है?**

A. कॉर्पस ल्यूटियम B. इनर सेल मास

C. ट्रॉफोब्लास्ट D. जोना पेल्यूसिडा (C)

*व्याख्या:* ट्रॉफोब्लास्ट भ्रूण का भाग होता है जो प्लेसेंटा का निर्माण करता है।

10. **कौन-सी झिल्ली भ्रूण को तरल से भरी थैली में सुरक्षा देती है?**

A. कोरियन B. एलेंटॉइस

C. एएम्निओन D. योल्क सैक (C)

*व्याख्या:* एम्निओन सबसे अंदर की झिल्ली होती है जो एम्नियोटिक द्रव से भरी थैली बनाती है और भ्रूण को सुरक्षा देती है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App